संस्थापित : 1973

# कालीचरण पी0 जी0 कॉलेज लखनऊ

## हिन्दी विभाग

द्वारा आयोजित

## हिन्दी दिवस समारोह –14.09.2022



एक परिचर्चा :– हिन्दी का विश्वव्यापी स्वरूप

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता – पद्मश्री डॉ0 विद्या विन्दु सिंह

कार्यक्रम स्थल : बाबू श्याम सुन्दरदास सभागार



**संयोजक**

**डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय**

अध्यक्ष, हिन्दी–विभाग



**प्राचार्य**

**प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय**

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ



**प्रबंधक**

**इं0 वी0 के0 मिश्र**

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ


जी० कॉलेज लखनऊ
–14.09.2022
हिन्दी
दिवस
विनोद कुमार मिश्र
GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
53, Chaupatiyan, Saadatganj, Lucknow, Uttar Pradesh
226003, India
Lat 26.869347°
Long 80.903275°
14/09/22 12:58 PM
HAUPATIYAN
Google

डिग्री कॉलेजों में हुआ विविध कार्यक्रमों का आयोजन, महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थियों ने जगाई अलख

# सभी बड़े देशों में सिखाई जा रही हिन्दीः विद्या




लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति के साथ ही अस्मिता की पहचान है। सबसे ज्यादा संख्या में व्यवहारिक रूप से हिन्दी बोलना प्रचलन में है और वैश्विक स्तर पर हिन्दी की ख्याति बढ़ रही है। हिन्दी दिवस पर वक्ताओं ने हिन्दी को रोजगार से जोड़ने के साथ ही हिन्दी के बढ़ते प्रभाव पर अपनी बातें रखीं। शिया पीजी कॉलेज, अटल बिहारी बाजपेयी डिग्री कॉलेज, आईटी कॉलेज, सुभाष चन्द्र बोस गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत अन्य में हिन्दी दिवस पर आयोजन हुए।

**अलख जगाने को खाई लाठियां**

कालीचरण पीजी कॉलेज में हिन्दी के विश्वव्यापी रूप विषय पर परिचर्चा हुई। मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री डा. विद्या बिन्दु सिंह ने कहा कि आज दुनिया के सभी बड़े देशों में हिन्दी सिखायी और पढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए लाठियां खायी हैं। जेल में यातनाएं सहीं लेकिन हिन्दी की अलख का संकल्प नहीं छोड़ा।

### आईटी कॉलेजः शुभ घड़ी हिन्दी दिवस है...

आईटी कॉलेज के हिन्दी विभाग की ओर से हिन्दी दिवस पर लघु नाटक मम्मी ठकुराइन का मंचन किया गया। जिसमें ऋषिता सिंह, सुदीक्षा सिंह, शगुन कश्यप, आयुषी मिश्रा, मुस्कान खान, सात्विका तिवारी, सुप्रिया पांडे, मुस्कान गौतम, श्रेया और अंशिका ने प्रभावी अभिनय किया। मनोज्ञा ने गीत शुभ घड़ी हिन्दी दिवस है, अबीहा ने जैसे मां हम सबको प्यारी है, सुदीक्षा सिंह ने मुक्तक सुनाए। प्राचार्य प्रो. वी प्रकाश, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. नीतू शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

**जागरूकता रैली निकाली**

शिया पीजी कॉलेज के हिन्दी विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कालीचरण डिग्री कॉलेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार पाण्डेय प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद रहे। जागरूकता रैली भी निकाली गई।

**बीबीएयू में पखवाड़ा शुरू**

बीबीएयू के हिन्दी प्रकोष्ठ की ओर से हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ कुलपति प्रो. संजय सिंह ने किया। उन्होंने हिन्दी को भाव की भाषा बताया। पखवाड़े में 16 से 26 सितंबर तक प्रतियोगिताएं होंगी।



कालीचरण पीजी कॉलेज में हिन्दी के विश्वव्यापी रूप विषय पर परिचर्चा में बुधवार को पद्मश्री डा. विद्या बिन्दु सिंह मौजूद रहीं।

### एकेटीयू और एलयू में भी हुए विभिन्न आयोजन

एकेटीयू में बुधवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उप कुलसचिव डॉ आरके सिंह ने कहा कि हमारे लिये हिन्दी सिर्फ भाषा नहीं बल्कि मां के समान है। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग में काव्य प्रतियोगिता हुई। विजेता प्रबंधन तीसरे सेमेस्टर के छात्र दिव्यांशु मिश्रा रहे। दूसरे स्थान पर कला संकाय के छात्र उत्कर्ष रहे। डा. मधुरिमा ने हिन्दी युवा पीढ़ी के दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त की।

### भाषा विवि में कथा पाठन करामत में भी कार्यक्रम

भाषा विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के सांस्कृतिक क्लब की ओर से आयोजित कविता-लघु कथा पाठन में छात्रों ने प्रस्तुति दी। आईक्यूएसी के निदेशक और विभागाध्यक्ष डॉ. सैयद हैदर ने हिन्दी की उपयोगिता बतायी। वहीं करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कॉलेज हिन्दी साहित्य समिति सबरंग की ओर से कार्यक्रम में एलयू की डॉ अलका पाण्डेय मौजूद रहीं। उन्होंने हिन्दी विषय पर अपनी बात रखी।

### हस्ताक्षर का संकल्प और हिन्दी साहित्य पर चर्चा

अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में हिन्दी दिवस पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने हिन्दी भाषा में हस्ताक्षर करने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने हिन्दी की सार्वभौमिकता पर प्रकाश डाला। सुभाष कॉलेज में हिन्दी विभाग, एलयू के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. वाई. पी. सिंह ने सरल व शुद्ध हिन्दी को अपनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य पर चर्चा की।

### अटलांटा में 200 बच्चों को सिखा रहीं हिन्दी



श्रुति सिंह

अमेरिका के अटलांटा शहर में पिछले दो दशक से रह रहीं श्रुति सिंह विहिप द्वारा चलाए जा रहे बाल विहार में पिछले 12 वर्षों से बच्चों को हिन्दी पढ़ा रही हैं। सिराथू के रहने वाले उनके पति सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। अब तक करीब 200 बच्चों को हिन्दी पढ़ना-लिखना सिखा चुकी हैं। वह अटलांटा में दो बाल विहार संचालित करती है। अब इन्हें सरकार भी आर्थिक तौर पर मदद करती है। बाल विहार में सभी हिन्दू त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं।

### ह्यूस्टन में बिखेर रहीं हिन्दी की रोशनी



इला प्रसाद

संत थामस यूनिवर्सिटी ह्यूस्टन टेक्सास में भौतिक विज्ञान की शिक्षिका डॉ. इला प्रसाद हिन्दी की बड़ी रचनाकार है। ह्यूस्टन में भी कहानी, कविता, उपन्यास, संस्मरण, आलेख, आलोचना और संपादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी कविता संग्रह धूप का टुकड़ा और कहानी संग्रह इस कहानी का अंत नहीं को कई पुरस्कार मिले। उनके लेख, कविता और कहानी एक दर्जन पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

## राष्ट्रीय एकता को स्थापित

## रेलवे में 29 सितंबर

## सभ्यता और प्रगति के बीच सेतुः शर्मा


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
53, Chaupatiyan, Saadatganj, Lucknow, Uttar Pradesh 226003, India
Lat 26.869419°
Long 80.90338°
14/09/22 12:51 PM
dan Marg
HAUPATIYAN
Google


GPS Map Camera
Google
Lucknow, Uttar Pradesh, India
408/47, Chaupatiyan, Saadatganj, Lucknow,
Uttar Pradesh 226003, India
Lat 26.869251°
Long 80.904085°
02/10/22 09:42 AM GMT +05:30




GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
408/47, Chaupatiyan, Saadatganj, Lucknow,
Uttar Pradesh 226003, India
Lat 26.869251°
Long 80.904085°
02/10/22 09:42 AM GMT +05:30
Google

संस्थापित : 1912

# कालीचरण विद्यालय इन्डाऊमेन्ट ट्रस्ट, लखनऊ

के तत्वावधान में

माँ सरस्वती के प्राचीन मन्दिर में
विगत वर्षो की भाँति बसन्त पंचमी के पावन पर्व पर

# 'सरस्वती पूजन'

श्रृंगार, आरती, एवं प्रसाद वितरण

बृहस्पतिवार 26 जनवरी, 2023
समय : प्रातः 10.00 बजे से
स्थान : कालीचरण सरस्वती मन्दिर परिसर

में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

-: निवेदक :-

इं. विनोद कुमार मिश्रा
प्रबन्धक

डॉ. चन्द्रमोहन उपाध्याय
प्राचार्य, कालीचरण डिग्री कॉलेज

श्री अनिल मिश्रा
प्रधानाचार्य, कालीचरण इण्टर कॉलेज

श्री विपिन अवस्थी
अध्यक्ष, मेला समिति

श्री सत्य प्रकाश प्रसाद
कार्यालय अधीक्षक

श्री रत्नेश कुमार शर्मा
कार्यालय अधीक्षक


कालीचरण पी.जी. कॉलेज लखनऊ
वार्षिक क्रीड़ा समारोह
उद्घाटन दिनांक 14.02.2023, प्रातः 11
मा. रणवीर सिंह


वार्षिक क्रीड़ा समारोह
एवं
पुरस्कार वितरण



## एक नजर में

### क्रीड़ा समारोह शुरू

लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज में मंगलवार को दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथि अर्जुन एवं लक्ष्मण पुरस्कार विजेता रणवीर सिंह ने किया। पहले दिन 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ ऊंची व लंबी कूद, बैडमिंटन सहित कई प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता के मौके पर प्रबंधक वीके मिश्रा, प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय, शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डा. कल्याणी द्विवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। (जासं)